# लैंगिक संवेदीकरण

लैंगिक संवेदीकरण को ध्यान में रखते हुए छात्राओं में जागरुकता हेतु महाविद्यालय में समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं । प्रत्येक वर्ष की भांति सत्र 2023-24 में भी विभिन्न समितियों एवं विभागों द्वारा महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

महिलाओं को प्रायः विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से गुज़रती हैं। महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को केंद्र में रख कर महाविद्यालय में कार्यशाला, संगोष्ठी, परिचर्चा, छात्राओं द्वारा पोस्टर निर्माण, व्याख्यान आदि का आयोजन किया गया ।

महिलाओं को स्वावलम्बिता प्रदान करने हेतु सिलाई केंद्र बनाया गया है जिसमें सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाता है । समय-समय पर छात्राओं द्वारा बनाये गए वस्त्रों को उचित मूल्य पर विक्रय करने से उनमें आत्मनिर्भरता आती है । इसी तरह केंचुआ खाद, गुलाब जल, धूपबत्ती आदि बनाना भी सिखाया जाता है।

छात्राओं को मैत्रेई अनुशिक्षण संस्थान द्वारा प्रतियोगी परिक्षाओं हेतु नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रायः महिलाएं अपने स्वास्थ्य को लेकर लापरवाह रहती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए महाविद्यालय में पोषण माह मनाया गया जिसमें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के साथ स्वस्थ एवं पोषित भोजन का ज्ञान दिया गया साथ ही सामग्री वितरण भी किया गया।

<u>**कार्ययोजना-**</u>

**राष्ट्रीय पोषण माह**, दिनाँक 1-30 सितंबर 2023, गृह विज्ञान विभाग

कुपोषण को दूर करने के लिए और पोषण संबंधी सही जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से गृह विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह बनाया गया । इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से पोषण के महत्व को स्पष्ट किया गया ।




**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस,** दिनाँक 08/03/2024, समाज शास्त्र विभाग

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय से समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई । Gender Sensitization : Society and Culture विषय की इस कार्यशाला में छात्राओं का ज्ञानवर्धन हुआ ।



**मानसिक स्वास्थ्य पर परिचर्चा**, दिनाँक 23/09/2023, सिफ्सा एवं पुरातन छात्रा समिति

छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए महाविद्यालय में सिफ्सा के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य पर परिचर्चा कराई गई । इस कार्यक्रम में पुरातन छात्रा समिति के तत्वावधान में डॉक्टर अंजु ओम का लेक्चर विषय से संबंधित प्रस्तुत किया गया ।




**मैत्रेयी अनुशिक्षण संस्थान,** दिनाँक 25/09/2023

छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क शिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में मैत्रेयी अनुशिक्षण संस्थान की स्थापना की गई जिसमें विभिन्न विषयों संबंधी रूपरेखा निर्मित की गई जिससे छात्राएं भविष्य में लाभान्वित हो सके ।



**धूपबत्ती निर्माण, दिनांक 01/04/2024**




अकादमी ज्ञान के अतिरिक्त छात्राओं को आर्थिक आत्म निर्भरता प्रदान करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा धूप बत्ती निर्माण कर उसका प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया ।

**गुलाब जल निर्माण,** दिनाँक 01/04/2024




एम.एससी. की  छात्राओं द्वारा गुलाब जल बनाया गया जिसका प्रदर्शन और विक्रय कर उनमें आर्थिक सक्षमता के लिए प्रयास करने की प्रेरणा प्राप्त हुई ।